C M Y K

Web: www.uttaranchaldeep.com Email-uttaranchaldeep@gmail.com

प्रथमं मां शैलपुत्री

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सायं 6:20 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सुबह 6:27 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ

वंदे वांछितलाभाय, चन्दार्धकृतशेखराम्।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्री यशस्विनीम्।।



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 239 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | गुरुवार, 19 मार्च 2026

भक्तों का जनसैलाब...पेज-4 पर

## News कॉर्नर

### आज राष्ट्रपति को सौंपे जाएंगे नेपाल चुनाव के अंतिम नतीजे

नई दिल्ली। नेपाल के चुनाव आयोग ने घोषणा की है कि 5 मार्च 2026 को हुए आम चुनाव के अंतिम नतीजे शुक्रवार को राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल को सौंपे जाएंगे। इस चुनाव में प्रतिनिधि सभा की 275 सीटों के लिए मतदान हुआ था, जिसमें 165 सीटें सीधे चुनाव से और 110 सीटें अनुपातिक प्रणाली से भरी गईं। रास्ट्रिय स्वतन्त्र पार्टी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 182 सीटें जीती हैं, जो बहुमत के आंकड़े 138 से काफी ज्यादा है। नेपाली कांग्रेस को 38 सीटें, सीपीएन-यूएमएल को 25 सीटें और अन्य पार्टियों को कम सीटें मिली हैं। अब राष्टपति नई सरकार बनाने की प्रक्रिया शुरू करेंगे और रास्वपा के नेता बालेन शाह को प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल सकता है।

### श्रीराम को नमन करना और भारत मां का वंदन हमारे लिए एक जैसा: राष्ट्रपति मुर्मू

अयोध्या। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सभी देशवासियों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में होना मेरे जीवन का कृतार्थ करने वाला पल है। मैं यहां पर आकर गौरवांवित हूं। राम मंदिर हमें हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 500 वर्षों के संघर्ष के बाद हमें यह सौभाग्य का पल मिला है। राम मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा, मंदिर का ध्वजारोहण हमारे इतिहास की स्वर्णिम तिथियां हैं। मुझे श्रीराम यंत्र की स्थापना का अवसर मिला है। यह प्रभु श्रीराम की मेरे ऊपर कृपा का प्रतीक है। ऐसा मेरा मानना है। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम को नमन करना और भारत मां का वंदन करना एक जैसा है। आज के इस अवसर पर हम संकल्प लें कि भारत मां के सम्मान और वैभव को शिखर पर ले जाएंगे।

## मौसम का मिजाज: गंगोत्री-यमुनोत्री-बदरीनाथ में हुई बर्फबारी, बढ़ी ठंड

देहरादून

हमारे संवाददाता

मौसम विभाग की ओर से आज कई जिलों में बारिश-आंधी-बर्फबारी और बिजली गिरने की संभावना जताई गई है। गरज-चमक के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलेंगी।

उत्तराखंड में आज मौसम का मिजाज बदला और गंगोत्री-यमुनोत्री-बदरीनाथ में बर्फबारी हुई। बर्फबारी से कड़ाके ठंड पड़ रही है। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार उत्तराखंड में आज बृहस्पतिवार को मौसम में बड़ा बदलाव देखने की संभावना जताई गई थी। गंगोत्री धाम में वर्तमान में बर्फबारी हो रही है। यमुनोत्री में वर्तमान में बर्फबारी हो रही है। बदरीनाथ धाम में मौसम खराब होने से धाम में बर्फबारी हो रही है, बर्फबारी होने से कडाके की ठण्ड हो रही है। राज्य के अधिकांश जिलों में हल्की से मध्यम बारिश, गरज-चमक और ऊंचाई वाले क्षेत्रों (3000 मीटर से अधिक) में बर्फबारी की संभावना जताई गई है।





मौसम विभाग ने हरिद्वार, उधम सिंह नगर, देहरादून, टिहरी, पौड़ी, नैनीताल और चंपावत जिलों में आंधी-तूफान के साथ बिजली चमकने और 50-60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है।

वहीं उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर, अल्मोड़ा और पिथौरागढ़ जिलों में भी गरज-चमक के साथ 40-50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। बागेश्वर और पिथौरागढ़ में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं-कहीं तेज बारिश के दौर देखने को मिल सकते हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 1-2 दिनों में राज्य के कई इलाकों में अधिकतम तापमान में 3 से 5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की जा सकती है। मौसम विभाग ने लोगों को खराब मौसम के दौरान सतर्क रहने, खुले स्थानों और पेड़ों के नीचे खड़े होने से बचने तथा पहाड़ी क्षेत्रों में यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

ईरान में सस्ती ड्रोन तकनीक से दबाव की कोशिश

## मिसाइल क्षमता ध्वस्त के अमेरिकी दावों के बीच ईरान के भीषण हमले

नई दिल्ली

एजेंसी

अमेरिका और इस्राइल के दावों के बावजूद ईरान मिसाइल और ड्रोन हमले जारी रखे हुए है। विशेषज्ञों के अनुसार तेहरान के पास अभी भी पर्याप्त हथियार, मोबाइल लॉन्चर और रणनीतियां मौजूद हैं जो क्षेत्र में तनाव बनाए रख सकती हैं।

अमेरिका और इस्राइल का दावा है कि संयुक्त हमलों में ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन क्षमता को भारी नुकसान पहुंचा है और उसके कई लॉन्चर नष्ट कर दिए गए हैं। इसके बावजूद ईरान अब भी क्षेत्रीय देशों और इस्राइल की दिशा में असरदार तरीके से मिसाइल और ड्रोन दाग रहा है। विशेषज्ञों के अनुसार ईरान की हमला क्षमता जरूर घटी है, लेकिन उसके पास अभी भी इतने हथियार और वैकल्पिक रणनीतियां मौजूद हैं कि वह सीमित लेकिन रणनीतिक हमलों के जरिये पूरे क्षेत्र में तनाव बनाए रख सकता है। अमेरिकी प्रशासन का कहना है कि अभियान एपिक फ्यूरी में ईरान की सैन्य क्षमताओं को गंभीर नुकसान पहुंचा है। ईरान की बैलिस्टिक मिसाइल क्षमता कार्यात्मक रूप से नष्ट हो चुकी है, उसकी नौसेना को युद्ध के लिहाज से अप्रभावी माना जा रहा है।



### ड्रोन हमले में कुवैत की तेल रिफाइनरी में आग

इस्राइली सेना ने कहा है कि बुधवार को उनके हमलों में 20 से ज्यादा हिजबुल्ला लड़ाके मारे गए हैं। ये हमले दक्षिणी लेबनान में किए गए। बयान में कहा गया है कि इस्राइली सेना की 36वीं डिविजन ने हवाई हमले किए। कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने एक बयान में कहा है कि मिना अल अहमदी रिफाइनरी में हुए एक ड्रोन हमले के बाद आग लग गई है। हालांकि अभी आग सीमित क्षेत्र में है। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। कुवैत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने एक बयान में कहा है कि मिना अल अहमदी रिफाइनरी में हुए एक ड्रोन हमले के बाद आग लग गई है। हालांकि अभी आग सीमित क्षेत्र में है। इस घटना में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अमेरिका के एक आर्मी बेस पर ड्रोन मंडराता दिखा है। वॉशिंगटन पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, जिस वक्त यह ड्रोन सैन्य बेस पर मंडरा रहा था, उस वक्त उस सैन्य बेस में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो और अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ भी मौजूद थे।

## नैनीताल में रसोई गैस की आपूर्ति चरमराई, घंटों लाइन में खड़े लोग

नैनीताल

हमारे संवाददाता

**आफत**

- वितरण स्थल पर 50 से अधिक सिलेंडर नहीं दिए जा रहे

सरोवर नगरी नैनीताल में इन दिनों रसोई गैस की आपूर्ति चरमरा गई है जिससे आम जनता को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालात यह हैं कि गैस सिलेंडर पाने के लिए उपभोक्ताओं को सुबह 7 बजे से ही कतारों में खड़ा होना पड़ रहा है।

बुधवार को भी नैनीताल-कालाढूंगी मोटर मार्ग पर धामपुर बैंड के समीप उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा रही लेकिन दोपहर 12 बजे तक गैस वाहन के न पहुंचने से लोगों का धैर्य जवाब दे गया स्थानीय निवासियों का कहना है कि ठंड और दैनिक कार्यों को छोड़कर वे घंटों लाइन में लग रहे हैंए फिर भी उन्हें समय पर सिलेंडर नहीं मिल पा रहा है। अव्यवस्था का आलम यह है कि एक वितरण स्थल पर 50 से अधिक सिलेंडर नहीं दिए जा रहे हैं जिसके कारण कतार में पीछे खड़े दर्जनों लोगों को निराशा हाथ लग रही है। मामले में इंडेन की गैस मैनेजर अंकिता पांडे ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में केवल उन उपभोक्ताओं को सिलेंडर दिए जा रहे हैं जिन्होंने 12 मार्च तक अपनी बुकिंग करा ली थी। उन्होंने बताया कि बुधवार को धामपुर बैंड, तल्लीताल धर्मशाला और सात नंबर एटीआई क्षेत्रों में आपूर्ति की गई है। प्रबंधन का दावा है कि निगम के पास गैस का पर्याप्त स्टॉक मुहैया है और चरणबद्ध तरीके से शहर के सभी वार्डों में आपूर्ति सुचारू की जाएगी, हालांकि धरातल पर उपभोक्ताओं की लंबी कतारें विभाग के दावों पर सवाल खड़े कर रही हैं।



## नगर निगम की अभिरक्षा में स्ट्रीट डॉग की संदिग्ध मृत्यु

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

नगर निगम हल्द्वानी की अभिरक्षा में एक स्ट्रीट डॉग की संदिग्ध मृत्यु का मामला सामने आने पर स्थानीय नागरिकों ने कोतवाली हल्द्वानी में संबंधितों के विरुद्ध ई.प्राथमिकी दर्ज कर जांच की मांग की है।

इंद्रप्रस्थ कॉलोनी फेज 2 के निवासियों के अनुसार राकी नामक सफेद रंग का स्ट्रीट डॉग लंबे समय से क्षेत्र में रह रहा था और शांत स्वभाव का था। कुछ दिन पूर्व नगर निगम की टीम उसे बंध्याकरण के लिए अपने साथ ले गई थी जिसके बाद उसकी मृत्यु होने की सूचना मिली। शिकायतकर्ताओं ने आशंका व्यक्त की है कि बंध्याकरण की प्रक्रिया के दौरान अथवा उसके बाद उसके साथ लापरवाही या क्रूरता की गयी जिसके कारण उसकी मृत्यु हुई। इस संबंध में नागरिकों ने पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है इस प्रकरण में कॉलोनी निवासी नितिन पंत, मयंक मिश्रा, रमेश पंत व संगीता चंद और चंद्रशेखर सहित कॉलोनी के अन्य निवासियों ने संयुक्त रूप से ई.प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही मामले को लेकर संबंधित प्राधिकरणों से हस्तक्षेप की भी मांग की गई हैए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

## उत्तराखंड मुक्त विवि ने नेपाल के फार वेस्टर्न विवि के साथ किया समझौता संपन्न

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने नेपाल के फार वेस्टर्न विश्वविद्यालय के साथ अकादमिक एवं शोध सहयोग को सुदृढ़ करने हेतु एक महत्वपूर्ण समझौता संपन्न किया।

यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के बीच ज्ञान, शोध एवं सांस्कृतिक सहयोग को नई दिशा प्रदान करेगा इस समझौते के अंतर्गत दोनों विश्वविद्यालय अकादमिक गतिविधियों के आदान-प्रदान, शोध एवं नवाचार के क्षेत्र में संयुक कार्य, तथा बौद्धिक संपदा के क्षेत्र में साझेदारी को बढ़ावा देंगे। साथ ही, हिमालयी क्षेत्र के विश्वविद्यालय होने के नाते दोनों संस्थान हिमालयी हेरिटेज के संवर्धन, विकास एवं सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण के लिए भी संयुक्त रूप से कार्य करेंगे इस अवसर पर कुलपति प्रो. नवीन चन्द्र लोहनी जी ने कहा कि यह समझौता केवल दो विश्वविद्यालयों के बीच ही नहीं, बल्कि भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि दोनों संस्थान मिलकर नेपाली भाषा सहित विभिन्न शैक्षणिक कार्यक्रमों का संचालन तथा हिमालयी क्षेत्र के भौगोलिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन पर शोध को आगे बढ़ाएंगे नेपाल यूजीसी के चेयरमैन प्रो. देशराज अधिकारी जी ने इस साझेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का आभार जताया और इसे द्विपक्षीय शैक्षिक सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।



फार वेस्टर्न विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हेमराज पंत ने कहा कि यह समझौता दोनों विश्वविद्यालयों के लिए आशा और संभावनाओं से भरा है तथा वे मिलकर निर्धारित उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं निदेशक प्रो. गिरिजा पाण्डेय ने इसे अकादमिक एवं शोध गतिविधियों को नई गति देने वाला मील का पत्थर बताया और कहा कि यह साझेदारी साझा सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# मुख्य सचिव ने की संचालित परियोजनाओं व विकास कार्यों की समीक्षा

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

डॉ. रघुनंदन सिंह टोलिया प्रशासनिक अकादमी नैनीताल में मुख्य सचिव आनन्द बर्द्धन ने नैनीताल जिले में संचालित विभिन्न परियोजनाओं सहित अन्य महत्वपूर्ण विकास कार्यों की समीक्षा की।



बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते हुये मुख्य सचिव ने कहा कि परियोजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की प्रशासनिक, तकनीकी एवं प्रक्रियागत बाधा आ रही है तो उसका त्वरित समाधान किया जाए यदि समस्या शासन स्तर की है तो तत्काल शासन के संज्ञान में लाया जाए। कहा कि किसी भी दशा में विकास कार्य रुकने नहीं चाहिए। मुख्य सचिव ने कहा कि सभी विभाग मासिक लक्ष्य निर्धारित कर उसके अनुरूप नियमित कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि लंबित टेंडर व स्वीकृतियों और तकनीकी अनुमोदनों को शीघ्र पूरा किया जाए तथा जिलास्तर पर जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी परियोजनाओं एवं विकास कार्यों की नियमित समीक्षा करें। कहा कि योजनाओं की प्रगति बढने से राज्य के विकास कार्यों को गति मिलेगी व जनसुविधाओं में भी सुधार होगा।

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सुव्यवस्थित दीर्घकालिक योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों की निरंतर मॉनिटरिंग की जाए, वर्क प्लान के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण कार्य किए जाएं। पब्लिक ग्रीवांस व मुखयमंत्री हेल्पलाइन के प्रकरणों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए जनपद को एक आदर्श, योजनाबद्ध एवं तेज गति से विकसित होने वाले जनपद के रूप में स्थापित करें।

इससे पूर्व जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने स्वागत करते हुए मुख्य सचिव को जिले में संचालित महत्वपूर्ण परियोनाओं एवं विकास कार्यों की जानकारी से अवगत कराया। कहा कि नैनीताल जिले में 20 करोड़ रुपये से अधिक लागत की परियोजनाओं के अंतर्गत कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा के दौरान लगभग 41 करोड़ की लागत से मानसखंड मन्दिरमाला मिशन के अन्तर्गत कैंची धाम सौन्दर्यीकरण एवं प्रकाशीकरण का कार्य जो जून 2026 तक पूर्ण होना है इन कार्यों में गुणवत्ता एवं समयबद्वता का विशेष ध्यान देकर कार्य पूर्ण करने के निर्देश कार्यदाई संस्था लोकनिर्माण विभाग को दिए। पेयजल कार्यों की समीक्षा के दौरान मुखय सचिव ने जल जीवन मिशन के तहत कराए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए समयान्तर्गत कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने सिंचाई विभाग की समीक्षा के दौरान 3678.23करोड़ रुपये की लागत से निर्मित जमरानी बांध परियोजना की वर्तमान प्रगति की विस्तार से जानकारी ली तथा निर्धारित समय जून 2029 तक परियोजना को पूर्ण करने के निर्देश दिए। टनल निर्माण की प्रगति की समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने कहा कि इस परियोना के अधिकारियों का विजिट शीघ्र ही ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेलवे परियोजना के अंतर्गत निर्माणाधीन टनल एवं अन्य निर्माण कार्य स्थलों का कराएं ताकि वहां के कार्यों से अनुभव लेकर यहां के कार्यों में प्रगति आए। कहा कि 298 करोड़ रुपये की लागत से बलियानाला भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र के उपचारात्मक कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए इस प्रमुख परियोजना को निर्धारित समय 2028 तक पूरा करने के निर्देश सिंचाई विभाग के अधिकारियों को दिए।

इस दौरान मुखय सचिव ने कहा कि जनहित से जुड़े जो भी महत्वपूर्ण व आवश्यकीय कार्य हैं जिलाधिकारी उन कार्यों को अनटाइट फंड से कराएं। जिले में बजट मुहैया नहीं होने पर इन महत्वपूर्ण कार्यों को किए जाने हेतु प्रस्ताव शीघ्र ही शासन को भेजें। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



## क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीवी मुक्त भारत अभियान पर कार्यशाला

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत टीवी मुक्त भारत अभियान के तहत एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन बुधवार को बलॉक भीमताल सभागार में किया गया।

बता दें कार्यशाला नवनियुक्त ग्राम प्रधानों के लिए आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बलॉक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट ने की। कार्यशाला में विभिन्न क्षेत्रों से आए ग्राम प्रधानों ने प्रतिभाग किया। इस दौरान जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. राजेश ढकरियाल ने क्षय रोग (टीबी) कार्यक्रम के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भीमताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. हेमंत कुमार मर्तोलिया ने विकासखंड स्तर पर चल रहे टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी साझा की।

कार्यक्रम में डॉ. जितेंद्र, स्वातिशील गुरुरानी, दिनेश रावत, प्रमोद भट्ट, विजय कुमार, किरण कांडपाल सहित अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त किए और टीबी मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु सहयोग का आह्वान किया।

## गैरीखेत में बाघ की मौजूदगी देखने हेतु वन विभाग ने लगाए 4 ट्रैप कैमरे

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल के दूरस्थ गैरीखेत गांव में एक बार फिर बाघ के दिखने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। बाघ की मौजूदगी को देखने के लिए विभाग की ओर से क्षेत्र में चार ट्रैप कैमरे लगा दिए हैं साथ ही क्षेत्र के लोगों से सतर्क रहने की अपील की जा रही है।

वन विभाग के अनुसार सोमवार शाम क्षेत्र में बाघिन देखी गई साथ ही एक गाय को शिकार बनाए जाने की भी सूचना है। घटना की जानकारी मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और स्थिति का जायजा लिया। नैनीताल वन प्रभाग के वन क्षेत्राधिकारी ललित मोहन कार्की ने बताया कि सूचना के बाद टीम को तत्काल क्षेत्र में भेजा गया है। बाघ की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए गैरीखेत क्षेत्र में चार ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। इसके साथ ही टीम द्वारा लगातार गश्त की जा रही है। बताया कि दो सप्ताह पूर्व भी क्षेत्र में बाघिन और उसके दो शावकों को देखे जाने की सूचना थी। उस समय वन विभाग ने ट्रैप कैमरे लगाकर निगरानी की थीए लेकिन बाघिन की स्पष्ट लोकेशन नहीं मिल पाई थी। अब दोबारा मूवमेंट सामने आने से विभाग ने निगरानी और बढ़ा दी है दूसरी ओर वन विभाग ने स्थानीय लोगों से जंगल या सुनसान इलाकों में अकेले न जाने और रात के समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत विभाग को देने को कहा गया है।



**अपील**

- दो हफ्ते बाद दोबारा मूवमेंट, ग्रामीणों से सतर्क रहने की अपील

## NEWS / फटाफट

### युवा मोर्चा ने की रक्षा मंत्री के कार्यक्रम को लेकर बैठक



**नैनीताल** । नैनीताल ग्रामीण मंडल के न्यायपंचायत खुर्पाताल के मंगोली ग्राम में युवा मोर्चा की बैठक जिला मंत्री युवा मोर्चा आयुष भंडारी द्वारा ली गई, जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा मुकेश मेहरा ने की। बैठक में 21 मार्च (शनिवार) को हल्द्वानी में प्रस्तावित रक्षा मंत्री भारत सरकार राजनाथ सिंह के कार्यक्रम के संबंधित बिंदुओं पर चर्चा एवं कार्यक्रम के प्रति नैनीताल ग्रामीण मंडल की भूमिका सुनिश्चित करते हुए मुखय बिंदुओं पर वार्ता कर रूप रेखा तैयार की गई। बैठक में विक्रम कनवाल, दीपक बिष्ट, खुशहाल बिष्ट, योगेश जोशी, मनीष महरा, दीपक महरा, भास्कर पाण्डेय सहित ग्रामीण मंडल से युवा साथी उपस्थित रहे।

### पुलिस की सख्ती, 10 वाहन चालकों पर कार्रवाई

**नैनीताल** । पर्यटन सीजन से पहले नैनीताल की मॉलरोड पर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए पुलिस ने सखती शुरू कर दी है। सड़क किनारे वाहन खड़े कर यातायात प्रभावित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 10 वाहन चालकों का चालान किया और कई वाहनों को मौके से हटवाया। पुलिस के अनुसार मॉलरोड पर अवैध रूप से वाहन पार्क करने से जाम की स्थिति बन रही थी जिससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। इसे देखते हुए पुलिस ने अभियान चलाकर सड़क किनारे खड़े वाहनों को हटाया। टीएसआई हरीश फ र्त्याल ने बताया कि पर्यटन सीजन को ध्यान में रखते हुए लगातार सड़कों से पार्क वाहनों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित स्थानों पर ही वाहन पार्क करें अन्यथा उनके खिलाफ सखत कार्रवाई की जाएगी।

### 23 डिग्री सेल्सियस पहुंचा नैनीताल का तापमान



**नैनीताल** । सरोवर नगरी नैनीताल में बुधवार को मौसम सामान्य बना रहा। दिन में उमस महसूस हुई तो नगर में शाम को ठंड का एहसाह बना रहा। इस बीच नगर का अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस जा पहुंचा तो दिन के समय गर्म कपड़ों की जरूरत महसूस नहीं हुई। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार (आज) से मौसम में बदलाव आने की संभावना है। एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने जा रहा है। जिस कारण तेज हवाओं के साथ ओलावृष्टि और बिजली गिरने की संभावना रहेगी। विक्षोभ का असर दो दिन रह सकता है। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### नैनीताल में 1.03 ग्राम स्मैक के साथ युवक गिरफ्तार

**नैनीताल** । नगर के तल्लीताल क्षेत्र में मां से मारपीट करना नशेड़ी युवक को महंगा पड़ गया। पुलिस के समझाने के लिए युवक के कमरे में पहुंची तो आरोपी के कबजे से 1.03 ग्राम अवैध स्मैक बरामद हुई। युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेशी के बाद उसे जेल भेज दिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार बुधवार को डायल-112 के माध्यम से हरिनगर तल्लीताल निवासी सुनीता ने सूचना दी कि उनका बेटा आकाश कुमार बाल्मिकी नशे के चलते उनके साथ मारपीट कर रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को काबू में लिया। युवक को समझाने के दौरान पुलिस ने युवक के कमरे की तलाशी ली। इस दौरान उसके कमरे से सिगरेट की डिबबी में छिपाकर रखी गई 1.03 ग्राम स्मैक और नशा करने में प्रयुक्त 10 रुपये का नोट बरामद हुआ।

## ईद नजदीक आते ही बाजारों में बढ़ी रौनक, खरीदारी में जुटे लोग

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

ईद का पवित्र त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आ रहा है, शहर के बाजारों में रौनक लगातार बढ़ती जा रही है। सुबह से लेकर देर रात तक बाजारों में भीड़ देखने को मिल रही है। खासकर कपड़ों, जूतों, सजावटी सामान और खान-पान की दुकानों पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है।

ईद को लेकर महिलाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। महिलाएं नए-नए डिजाइन के कपड़ों, चूड़ियों और ज्वेलरी की खरीदारी में व्यस्त हैं, वहीं बच्चे भी अपने पसंदीदा कपड़े और जूते खरीदने को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। बाजारों में रंग-बिरंगे परिधानों और आकर्षक ऑफर्स ने लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों में ईद को लेकर खुशी की लहर साफ देखी जा रही है। लोग पूरे परिवार के साथ बाजार पहुंचकर जमकर खरीदारी कर रहे हैं। घरों में भी ईद की तैयारियां जोरों पर हैं और सेवइयां, मिठाइयां व अन्य पकवानों की तैयारी की जा रही है।

### व्यापारियों के चेहरे खिले

ईद के चलते बाजार में आई इस रौनक से व्यापारियों के चेहरे भी खिले हुए हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार बिक्री अच्छी होने की उम्मीद है। ग्राहकों को आकर्षित करने के लिए दुकानों पर विशेष छूट और नए कलेक्शन उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

### बढ़ी चहल-पहल

कुल मिलाकर, ईद का त्योहार शहर में खुशियां और उत्साह लेकर आ रहा है। बाजारों की बढ़ती चहल-पहल इस बात का संकेत है कि लोग पूरे उल्लास के साथ इस पर्व को मनाने के लिए तैयार हैं।

## नैनीताल डीएसए की जंबों कार्यकारिणी हुई घोषित

**नैनीताल** । नैनीताल डीएसए के नव नियुक्तत महासचिव मनोज जोशी की ओर से बुधवार को अपनी नई कार्यकारिणी की विधिवत घोषणा कर दी। महासचिव जोशी के मुताबिक डीएसए के अध्यक्ष जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, उपाध्यक्ष (वन) अध्यक्ष नगर पालिका नैनीताल डा. सरस्वती खेतवाल तथा उपाध्यक्ष (दू)प्रो. डी एस बिष्ट, महासचिव मनोज जोशी जबकि उपसचिव खीमराज देउपा, हाकी सचिव चन्द्र लाल साह, क्रिकेट सचिव रवि प्रकाश जोशी, फुटबॉल सचिव पवन खनायत तथा बालीबाल सचिव शैलेंद्र बगाली जबकि बास्केट बाल सचिव हरीश जोशी जबकि इनडोर गेमस सचिव वीरेन्द्र साह तथा एथलेटिकस सचिव करन सती होंगे। जोशी ने बताया कि डीएसए की कार्यकारणी सदस्यों में किशन नेगी, अंकित चन्दा, त्रिभुवन सिंह फ र्त्याल तथा डा. सन्तोष कुमार को शामिल किया गया है। बताया कि वित्त समिति में भुवन बिष्ट अध्यक्ष जबकि दीपक बिष्ट, धर्मेंद्र शर्मा जबकि निर्माण समिति के बिशन सिंह मेहता अध्यक्ष जबकि ब्रिजेश बिष्ट तथा विकास जोशी ,डा मनोज सिंह बिष्ट विशेष आमंत्रित सदस्य होंगे।

## नोट

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## जनहित का निर्णय

*राज्य सरकार ने दशकों से वन भूमि पर रहने वालों को भूमिधरी अधिकार देने की घोषणा की है, यह जनहित का निर्णय है। सरकार ने विपक्ष की मांग स्वीकार करने का साहस जुटाया है। विपक्ष का कहना है कि नजूल की भूमि पर अमीर मॉल बना सकता है, लेकिन गरीब घर नहीं। दरअसल उत्तराखंड में कई जगह वन क्षेत्र, नजूल और सरकारी भूमि पर बसे लोगों को बेदखली के नोटिस दिये गये हैं। ऐसे मामले सुप्रीमकोर्ट में विचाराधीन हैं। टिहरी बांध के लिए पहाड़ के लोगों को उजाड़कर मैदानी क्षेत्र में बसाया गया, परन्तु भूमिधरी अधिकार नहीं दिया गया।*

उत्तराखंड का 65 प्रतिशत भूभाग वन क्षेत्र है। लाखों लोग वनभूमि पर बसे हैं। विषम भौगोलिक परिस्थितियों में रहने वालों को घर से बेदखल करना सरासर अन्याय है। राज्य सरकार ने दशकों से वन भूमि पर रहने वालों को भूमिधरी अधिकार देने की घोषणा की है, यह जनहित का निर्णय है। सरकार ने विपक्ष की मांग स्वीकार करने का साहस जुटाया है। विपक्ष का कहना है कि नजूल की भूमि पर अमीर मॉल बना सकता है, लेकिन गरीब घर नहीं। दरअसल उत्तराखंड में कई जगह वन क्षेत्र, नजूल और सरकारी भूमि पर बसे लोगों को बेदखली के नोटिस दिये गये हैं। ऐसे मामले सुप्रीमकोर्ट में विचाराधीन हैं। टिहरी बांध के लिए पहाड़ के लोगों को उजाड़कर मैदानी क्षेत्र में बसाया गया, परन्तु भूमिधरी अधिकार नहीं दिया गया। इसी तरह कई परियोजनाओं के लिए लोगों को उजाड़ा जाता है। वर्तमान में जमरानी बांध के लिए भी लोगों को स्थानांतरित किया जा रहा है। बिंदुखत्ता, बापूग्राम और कुछ अन्य स्थानों पर बसे लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जगी है। पिंडर घाटी, देवाल और नारायणबगड़ में सैकड़ों परिवार भी वन भूमि पर बसे हैं। हल्द्वानी में दमुआढूंगा वन क्षेत्र में आधुनिक कालोनी जैसे भवन बने हुए हैं। बनभूलपुरा में हजारों परिवारों को उजाड़ने का हाईकोर्ट ने आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बिना वैकल्पिक व्यवस्था के हजारों परिवारों को बेघर करने पर असहमति जताई है, हालांकि सरकारी भूमि खाली करने पर सहमति प्रकट की है। सरकारी भूमि पर कब्जा गैरकानूनी जरूर है, लेकिन जब अतिक्रमण हो रहा होता है, तब सरकारी अमला आंखें मूंदे रहता है। बनभूलपुरा की तरह अन्य जगह सरकारी विभागों ने भी अवैध कब्जा किया है। बिजली घर, चिकित्सालय, स्कूल नजूल की भूमि पर बने हैं। अतिक्रमण करने वालों को बिजली तथा जल का कनेक्शन देने वाले विभाग भी दोषी हैं। अतिक्रमण किसी शहर अथवा क्षेत्र विशेष की समस्या नहीं है। पूरे देश में वन विभाग, रेलवे और नजूल की भूमि पर कब्जा करके लाखों लोग बसे हैं। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर से अनेक अवैध निर्माण ध्वस्त किये गये हैं। यह हर जगह संभव नहीं है। सरकारी भूमि पर बसे लोगों में आक्रोश है। उत्तराखंड भूमिधरी अधिकार का ऐलान करके विधानसभा चुनाव में विपक्ष द्वारा आक्रोशित लोगों का फायदा उठाने पर सरकार ने पानी फेर दिया है।

# रक्षा मंत्री के दौरे को लेकर तैयारी बैठक

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के 21 मार्च को जनपद नैनीताल के भ्रमण को लेकर आयुक्त/सचिव मा. मुख्यमंत्री दीपक रावत की अध्यक्षता में सर्किट हाउस हल्द्वानी में पूर्व तैयारी बैठक सम्पन्न। कुमाऊं आयुक्त ने अधिकारियों को सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिए निर्देश। आयुक्त ने बताया कि राज्य सरकार के 4 साल पूरा होने पर कुमाऊं के प्रवेश द्वार हल्द्वानी के एमबी मैदान में 21 मार्च (शनिवार) को एक महत्वपूर्ण आयोजन राज्य सरकार द्वारा आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आयोजन को भव्य रूप से सम्पन्न किया जाना है। आयोजन हेतु अभी तक की गई तैयारियां की जानकारी लेते हुए कुमाऊं आयुक्त ने अधिकारियों के निर्देश दिए कि इस कार्यक्रम को लेकर संबंधित विभाग अपनी तैयारियों का समय रहते पूरा करें और सौंपी गई जिम्मेदारियों को त्रुटिरहित ढंग से संपादित कर सभी व्यवस्थाओं को तय समय के भीतर चाक-चौबंद कर लें। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि पार्किंग और सभा स्थल तक आमजन की सुगम पहुंच सुनिश्चित हो।" प्रत्येक व्यक्ति को बैठने का उचित स्थान मिले,उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या न हो। आयुक्त ने मंच, यातायात व्यवस्था, सुरक्षा, साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत आपूर्ति, वीआईपी एवं मीडिया हेतु बैठने, पार्किंग, आमजन हेतु बैठने की व्यवस्था, शौचालय, आपातकालीन सेवाओं,सभा स्थल की तैयारी, निर्माण सहित आमजनों की सुविधा से जु? सभी पहलुओं पर विशेष ध्यान देने के निर्देश अधिकारियों को दिये। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि सभी तैयारियाँ समयबद्ध, समन्वित एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण की जाएं। उन्होंने जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टीसी मंजूनाथ को सैक्टरवार कार्य आवंटित करने के निर्देश दिये जो भी त्रुटि है समय रहते पूर्ण करना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में दर्जा राज्य मंत्री डॉ अनिल कपूर डब्बू, भाजपा प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी नैनीताल ललित मोहन रयाल, जिलाधिकारी उधमसिंह नगर नीतिन भदौरिया, सीडीओ अरविन्द कुमार पाण्डे, सीडीओ उधमसिंह नगर दिवेश शाशनी, अपर जिलाधिकारी शैलेन्द्र नेगी, विवेक राय, पंकज उपाध्याय, सिटी मजिस्टेट एपी बाजपेयी, नगर आयुक्त पारितोष वर्मा, आरटीओ गुरूदेव सिंह, उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार, रेखा कोहली, बीसी पंत, डीडीओ गोपाल गिरी गोस्वामी सहित लोनिवि, जलसंस्थान, विद्युत, आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### दौरे से पहले हाई अलर्ट, पुलिस ने कसी कमर

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ. मंजुनाथ टीसी ने हल्द्वानी स्थित कैंप कार्यालय में अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्त दिशा-निर्देश जारी किए गए। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि वीवीआईपी कार्यक्रम के दौरान 'शून्य चूक' की नीति अपनाई जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## गुरुरानी ने किया पौधरोपण

नैनीताल । उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष एव डीडीहाट से विधानसभा प्रत्याशी दिनेश गुरुरानी द्वारा चलाया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण अभियान आज 611 वे दिन भी जारी रहा। आज दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में डीडीहाट अस्पताल में नवनियुक्त बाल रोग विशेषज्ञ डा. के एस महर का पौधा देकर स्वागत किया। उनके द्वारा पर्यटक आवास गृह डीडीहाट परिसर में पौधारोपण किया गया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि डाकटर के एस महर को स्वास्थ्य के क्षेत्र में काफी लंबा अनुभव है और उनके आने से डीडीहाट की जनता को लाभ मिलेगा। डा. के एस महर ने कहा कि वह पूर्ण मनोयोग से कार्य करेंगे कयोंकि वह क्षेत्र के ही रहने वाले हैं। और वह अपने आप को सौभाग्यशाली मानते हैं कि उन्हें इस क्षेत्र में कार्य करने का अवसर मिल रहा है। स्वागत कार्यक्रम में डीडीहाट क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह बलवंत सिंह हर सिंह उपस्थित रहे। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण अभियान जारी रहेगा।

# भीमताल में शास्त्रीय संगीत की सुरमयी शाम

भीमताल
हमारे संवाददाता



ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटीए भीमताल परिसर में भारतीय शास्त्रीय संगीत की एक मनमोहक संध्या का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेचरवोल्ट रीसाइलर्स ग्लोबल लिमिटेड और द लेक रिसॉर्ट नौकुचियाताल के सहयोग से विश्वविद्यालय के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय ख्खयाति प्राप्त सितार वादक पं पुरबायन चटर्जी ने अपनी प्रस्तुति से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत मुखय अतिथि पं. पुरबायन चटर्जी के औपचारिक स्वागत के साथ हुईए जिसमें परिसर निदेशक ने उनका अभिनंदन किया। इसके बाद 13 वर्षीय प्रतिभाशाली सितार वादक हर्षवर्धन बजाज ने वंदे मातरम की प्रस्तुति दी। उन्होंने राग यमन, राग केवानी और राग चारो केसी की संक्षिप्त प्रस्तुतियों के माध्यम से माहौल को सुरमय बना दिया।संध्या का मुखय आकर्षण पं. पुरबायन चटर्जी की

**आयोजन**
- पंडित पुरबायन चटर्जी ने बांधा समां

अद्भुत प्रस्तुति रही। उनके सितार वादन की जटिलता तथा रागों की गहरी समझ और सहजता से किए गए बदलावों ने श्रोताओं को भाव.विभोर कर दिया। हर एक सुर में उनकी वर्षों की साधना और उत्कृष्टता झलक रही थी। चटर्जी की प्रस्तुति ने न केवल तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि गहन कलात्मक अभिव्यक्ति के जरिए दर्शकों को पूरी तरह बांधे रखा। उनकी उपस्थिति ने कार्यक्रम की सांस्कृतिक गरिमा को और भी ऊंचा किया तथा युवा कलाकारों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी। कार्यक्रम के अंत में कलाकार और आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन विश्वविद्यालय की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और विद्यार्थियों को विश्वस्तरीय कला अनुभव प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा।

## फिल्मी दुनिया

# 'धुरंधर 2 के कायल हुए सेलिब्रिटी, फिल्म की जमकर तारीफ







*धुरंधर का सीक्वल धुरंधर द रिवेंज सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म की रिलीज से पहले ही फैंस इसे लेकर काफी एक्साइटेड थे। एडवांस बुकिंग में भी फिल्म ने रिकॉर्ड तोड़ कमाई की है। अब कुछ बॉलीवुड सेलेब्स भी फिल्म देखकर आए हैं, जिन्होंने अपने रिएक्शन शेयर किए हैं।*

*साउथ स्टार अल्लू अर्जुन ने फिल्म देखकर सोशल मीडिया पर अपना रिएक्शन शेयर किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर फिल्म की जमकर तारीफ की। उन्होंने सभी एक्टर्स और डायरेक्टर आदित्य धर को फिल्म के लिए बधाई दी। डायरेक्टर राम गोपाल वर्मा ने भी एक्स पर फिल्म धुरंधर 2 को लेकर रिएक्शन दिया है। फिल्म को लेकर देर रात उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, %जिन लोगों ने भी आज फिल्म देखी, उन सभी ने मुझसे कहा कि धुरंधर को सिर्फ पसंद ही नहीं करते हैं, इस फिल्म से शादी भी करना चाहते हैं। एक्टर कार्तिक आर्यन ने भी अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म की सराहना की है। उन्होंने फिल्म को 'टॉप नॉच' बताया और शानदार सिनेमैटिक अनुभव के लिए आदित्य धर की तारीफ की। साथ ही उन्होंने रणवीर सिंह की भी सराहना की। इसके साथ एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी और पति राज कुंद्रा अपनी पूरी फैमिली के साथ रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर 2 को देखने के लिए थिएटर पहुंची थी। धुरंधर 2 देखकर जैसे ही शिल्पा शेट्टी बाहर आई वहां मौजूद पैपराजी ने एक्ट्रेस से उनका रिव्यू पूछा, जिसपर एक्ट्रेस ने कहा, सुपर...आग लगा दी।*

*कुल मिलाकर सिर्फ लोगों में ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड सेलेब्स तक इस मूवी का क्रैज है। फिल्म रिलीज होने के बाद से ही लोग इसे थिएटर में देखने पहुंच रहे हैं।*

# अवैध शराब के खिलाफ पुलिस की बड़ी कार्रवाई, तीन शराब तस्कर गिरफ्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

पुलिस ने अवैध शराब के कारोबार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में देशी व अंग्रेजी शराब बरामद की है। तीन मामलों में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

पहले मामले में उपनिरीक्षक प्रेम विश्वकर्मा मय पुलिस टीम द्वारा गोरापड़ाव चौराहे के पास टाटा मोटर्स के सामने एक कमरे में छापेमारी की गई। मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में पुलिस ने मौके से मोहन चन्द्र जोशी निवासी बिन्दुखत्ता गिरफ्तार किया।

तलाशी के दौरान उसके पास से देसी, व अंग्रेजी 6 पेटियां शराब बरामद हुई, दूसरे मामले में उपनिरीक्षक कुमकुम धानिक ने गौलापार क्षेत्र में चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक व्यक्ति को पकड़ा। आरोपी की पहचान अतुल बिष्ट निवासी पश्चिमी खेड़ा के रूप में हुई।उसके पास से 52 टेट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब बरामद हुई। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह अपनी चाउमीन की दुकान पर शराब बेचता था। उधर तीसरी कार्रवाई में उपनिरीक्षक अरुण सिंह राणा ने दमुवाढूंगा क्षेत्र में छापेमारी कर शंकर लाल निवासी देवखड़ी को गिरफ्तार किया। पकड़े गए तस्कर के पास से 54 टेट्रा पैक माल्टा मसालेदार देशी शराब बरामद हुई। आरोपी ने आर्थिक तंगी के चलते अवैध शराब बेचने की बात स्वीकार की। तीनों मामलों में आरोपियों के पास शराब रखने या बेचने का कोई वैध लाइसेंस नहीं मिला। पुलिस ने सभी को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है।पुलिस का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

# आस्था

## *मां शैलपुत्री*



चैत्र नवरात्र के पहले दिन (प्रतिपदा) मां शैलपुत्री की पूजा की जाती है, जिन्हें हिमालय की पुत्री (पार्वती) माना जाता है। यह दिन स्थिरता, शक्ति और नई शुरुआत का प्रतीक है। इस दिन कलश स्थापना की जाती है और सफेद वस्त्र धारण कर सफेद फूल व घी का भोग अर्पण करना शुभ माना जाता है।

### -:पूजा के लाभ:-

**मां शैलपुत्री की पूजा से जीवन में स्थिरता, दृढ़ता और शक्ति प्राप्त होती है।**

## चैत्र नवरात्र की हार्दिक शुभकामनएं

### -:पूजा विधि:-

- सुबह स्नानादि के बाद कलश स्थापना करें।
- मां शैलपुत्री को सफेद फूल, रोली, और अक्षत चढ़ाएं।
- घी का दीपक जलाएं और मंत्रों का 108 बार जाप करें।
- अंत में आरती करें।

सांध्य दैनिक
उत्तरांचल दीप 4
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com
● हल्द्वानी ● गुरुवार ● 19 मार्च 2026



# पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा, मंदिरों में भक्तों का जनसैलाब

**हल्द्वानी**

कार्यालय संवाददाता

नवरात्र के पहले दिन का उत्साह देखने को मिल रहा है। हल्द्वानी समेत प्रदेशभर के प्रमुख माता रानी के मंदिरों जैसे नैना देवी मंदिर नैनीताल और शीतलामाता मंदिर काठगोदाम, कालीचौड़ में भक्तों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। सुबह से ही पूजा-अर्चना, श्रृंगार और आरती का सिलसिला जारी है।

चैत्र माह की नवरात्र गुरुवार से शुरू हो गई है। नवरात्र के पहले दिन मां शैलपुत्री की पूजा होती है। हल्द्वानी के प्रसिद्ध प्राचीन मंदिरों में सुबह-सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी-लंबी कतारें



देखने को मिल रही हैं। शहरभर में छाया हुआ है। इस दौरान माता रानी के के मंदिरों के अलावा अन्य मंदिरों में भक्तों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है मंदिरों में सुबह से ही पूजा-अर्चना, श्रृंगार और आरती का सिलसिला जारी है।

श्रद्धालुओं ने बताया कि नवरात्रि के दौरान मंदिर की व्यवस्था बहुत अच्छी होती है, यही कारण है कि वे हर साल दर्शन के लिए आते हैं। नैनादेवी मंदिर से श्रद्धालु ने कहा, यह मंदिर बहुत प्राचीन है और इसकी मान्यता पुरानी है, हम परिवार सहित कई वर्षों से यहां पर आ रहे हैं।

आज दर्शन बहुत अच्छे हुए, पहले दिन सुबह के समय भीड़ कम है, लेकिन जैसे-जैसे दिन बढ़ेगा, भक्तों की संख्या बढ़ती नजर आएगी। लोग दूर-दूर से यहां आते हैं और माता की कृपा पाकर जाते हैं।

**एक्स पर**



*देशवासियों को नवरात्र, गुड़ी पाड़वा, उगादी आदि पर्वों की शुभकामनाएं , देवी मां से विनती है कि वे हर किसी को अपने स्नेह और अनुकंपा का आशीर्वाद प्रदान करें. जय माता दी।*

*-प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी*

### पूजा के मुख्य बिंदु

**स्वरूप:-** मां के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल का फूल है, वे नंदी (बैल) पर सवार हैं।

**मंत्र:-** देवी शैलपुत्र्यै नम: ॥ या वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्। वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम् ॥।

**भोग:-** गाय का शुद्ध घी या घी से बनी सफेद मिठाइयाँ।

**महत्व:-** देवी शैलपुत्री मूलाधार चक्र को जाग्रत करती हैं, जो जीवन में स्थिरता लाता है।

**कथा:-** वे सती के रूप में योगाग्नि में प्राण त्यागने के बाद, पर्वतराज हिमालय के घर पार्वती के रूप में जन्मीं, इसलिए शैलपुत्री कहलाईं।

# नैनीताल में मंदिरों को विशेष रुप से सजाया

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सरोवर नगरी नैनीताल में बीरवार (आज) से शुरु होने जा रहे नवरात्र के चलते बुधवार को नगर के बाजारों में पूजा सामग्री खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। दूसरी ओर नवरात्र के चलते नगर के विभिन्न मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया है।

नगर के श्री मां नयना देवी मंदिर समेत मां पाषाण देवी मंदिर सहित अन्य मंदिरों को सजाया जा रहा है। बता दें मां नयना देवी मंदिर में नवरात्र में मंदिर में भकतों की काफी भीड़ लगी रहती है। मंदिर में बीरवार (आज)अपराह्न एक बजे से स्थानीय महिलाओं द्वारा सुंदरकांड का विशेष आयोजन किया जाएगा। मां पाषाण देवी मंदिर के पुजारी जगदीश भट्ट ने बताया कि नवरात्र के लिए मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया है। उन्होंने बताया कि नवरात्र के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। नगर की प्रतिष्ठित संस्था श्री राम सेवक सभा के



अध्यक्ष मनोज साह व महासचिव जगदीश चंद्र बवाड़ी के मुताबिक बीरवार (आज) को अपराह्न 2 बजे से सभा प्रांगण में नव संवतसर कार्यक्रम होगा जिसके तहत आचार्य भगवती प्रसाद जोशी की ओर से नूतन समवतसर व राशियों का वार्षिक राशिफल सुनाया जाएगा जबकि सभा के बाल कलाकार महिषासुर-मर्दनीचछा मां काली की ओर से रकत बीज का बध नृत्य नाटिका का मंचन करने के साथ ही होली महोत्सव 2026 के तहत फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेताओं को सममानित किया जाएगा।

# इस वर्ष रौद्र संवत्सर रहने के कारण राजनीतिक स्तर पर मतभेद और तनाव की स्थिति रहेगी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

चैत्र माह के प्रथम नवरात्रि और हिंदू नववर्ष का शुभारंभ गुरुवार से हो गया। सरोवर नगरी नैनीताल में इस अवसर पर श्रद्धा और उत्साह का माहौल देखने को मिला। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जहां विधि-विधान से घट स्थापना कर मां दुर्गा की पूजा-अर्चना की गई।

नगर के प्रसिद्ध मां नयना देवी मंदिर में सुबह से ही दर्शन के लिए लंबी कतारें लगी रहीं। स्थानीय लोगों के साथ ही देशभर से आए पर्यटक भी मंदिर पहुंचकर मां के दर्शन कर आशीर्वाद लेते नजर आए। भक्तों ने नवरात्रि के अवसर पर मां नयना देवी मंदिर के दर्शन किए। माँ नयना देवी मंदिर में वैसे सुबह 4 बजे से ही श्रद्धालु मंदिर पहुंचने लगते थे लेकिन घट स्थापना का शुभ मुहूर्त प्रात: 6:54 बजे था।

पंडित बसंत पांडे ने बताया कि हिंदू नववर्ष के साथ ही चैत्र नवरात्रि का प्रारंभ हुआ है। इस दिन से बसंत ऋतु का आगमन भी माना जाता है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष रौद्र संवत्सर रहने के कारण राजनीतिक स्तर पर मतभेद और तनाव की स्थिति के साथ प्राकृतिक आपदाओं की आशंका भी बनी रह सकती है।



# किशोर लापता, परिजनों ने दर्ज कराई गुमशुदगी

**हल्द्वानी।** मुखानी क्षेत्र से एक किशोर के लापता होने का मामला सामने आया है। परिजनों के अनुसार, किशोर 16 मार्च को अपने घर से बिना बताए कहीं चला गया, जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं मिल सका हैं। परिवार द्वारा रिश्तेदारों और परिचितों के यहां काफी खोजबीन की गई, लेकिन अभी तक कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी है। पुलिस को सौंपी तहरीर में लापता किशोर का नाम पियुष बिष्ट, पुत्र प्रयाग सिंह बिष्ट, उम्र लगभग 17 वर्ष बताई गई है । लापता किशोर के भाई नितिन बिष्ट द्वारा कोतवाली मुखानी में गुमशुदगी की तहरीर दी गई है। उन्होंने पुलिस से अपने भाई की जल्द से जल्द तलाश कर बरामदगी हेतु उचित कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच प्रारंभ कर दी गई है और आसपास के क्षेत्रों में तलाश की जा रही है।

## बनभूलपुरा कांड के आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर फैसला रखा सुरक्षित

नैनीताल । उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने हल्द्वानी के चर्चित बनभूलपुरा कांड के कई आरोपियों की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद वरिष्ठ न्यायमूर्ति मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति पंकज पुरोहित की खण्डपीठ ने जमानत याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए निर्णय सुरक्षित रख लिया है। बता दें बुधवार को हुई सुनवाई पर राज्य सरकार की तरफ से जमानत याचिकाओं का विरोध करते हुए कहा कि शकील अंसारी जो पार्षद था उसका इस दंगे में अहम भूमिका रही है।

# नैनीताल में कुत्ते बने मुसीबत, बुजुर्ग को किया घायल

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

नैनीताल में फिर एक बार आवारा व पालतू कुत्तों का आतंक बढ़ गया है। बुधवार को मल्लीताल में एक बुजुर्ग को आवारा कुत्ते ने काटकर गंभीर कर दिया है जिसको जिला अस्पताल में उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई ।

नैनीताल में बुधवार को मल्लीताल रॉयल होटल क्षेत्र में राह चलते बुजुर्ग गोपाल राम (60) के पीछे आवारा कुत्ते पड़ गए। आवारा कुत्तों ने बुजुर्ग को काट दिया। इस दौरान लोगों ने कुत्तों को



भगाकर बुजुर्ग को बचाया लेकिन तब तक बुजुर्ग व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया था। आनन फानन में लोग बुजुर्ग को बीडी पांडे जिला अस्पताल ले आया जहां डाकटरों ने उपचार के बाद बुजुर्ग को छुट्टी दे दी है। जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ. टीके टमटा ने बताया कि बुधवार को मल्लीताल निवासी वैभवी सुयाल (16), गोपाल कनवाल (33), तल्लीताल निवासी गौरांश(4),नारायण नगर निवासी लीला देवी (64) मंगोली निवासी मान्या बगडवाल (7), बगड़ निवासी आशा देवी (51), देवीधूरा निवासी भगवत (51) व तल्लीताल निवासी महक पांडे (17) को कुत्तों ने काटकर जखमी किया है जिनको एंटीरैबिज लगाकर छुट्टी दे दी गई है।

## नैनीताल के कई गांव चार दिनों से अंधेरे में

**नैनीताल।** मुख्यालय से सटे बाल्दियाखान के कूण, सेलिया तथा देवीधुरा समेत दूरस्थ गांव में बीते चार दिनों से अंधेरा पसरा हुआ है।

बता दें बीते दिनों चली तेज आंधी तूफान के बाद से क्षेत्र की बिजली सप्लाई ठप हैए लेकिन ग्रामीणों का कहना है कून क्षेत्र की बिजली लाइन में किसी भी तरह की खराबी नहीं है। इसके बावजूद बिजली विभाग ने अब तक सप्लाई बहाल नहीं की हैए जिससे पूरे गांव का जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। प्रियंक पांडे के अनुसार बाल्दियाखान के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बहाल कर दी गई है। उन्होंने दावा किया कि जो हिस्से अब भी अंधेरे में हैं वहां गुरुवार से बिजली सप्लाई शुरू कर दी जाएगी।

# आईवीआरआई मुक्तेश्वर के किसान मेला गोष्ठी एवं प्रदर्शनी में जुटे एक हजार किसान

**धारी**

हमारे संवाददाता

भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) मुक्तेश्वर में किसान मेला आयोजित किया गया। पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जलवायु अनुकूलन पशुपालन विषय पर आईवीआरआई मुक्तेश्वर कैंपस में किसान मेले का आयोजन किया गया।

मेले में संयुक्त निदेशक आईवीआरआई मुक्तेश्वर डॉ.यशपाल सिंह मलिक ने पर्वतीय क्षेत्रों के लिए जलवायु अनुकूलन पशुपालन पर अभिभाषण दिया। देश के मौजूदा वक्त में लगभग करोड़ों जानवर है जिसमें गाय,भैंस बकरी व भेड वहीं पोल्ट्री हैं। यदि इसका अनुपात मानव संखया से लगाया जाये



जो अरबों की संखया होगी।इसके लिए पोषण की आवश्यकता होगी इसके लिए एग्रीकल्चर तथा पशुपालन से सम्बंधित उत्पादन करना होगा। इसके लिए देश के कई संस्थान के वैज्ञानिक काम कर रहे है।

किसान मेले में मुखय अतिथि डॉ. लक्ष्मीकांत पर्वतीय विवेकानंद संस्थान अल्मोडा, विशिष्ट अतिथि डॉ.जगदीश सिंह त्यागी, निदेशक केन्द्रीय पक्षी अनुसंसान संस्थान इज्जतनगर, डॉ. संजय कुमार निदेशक उत्तराखंड चेयर प्रौद्योगिकी परिषद् के साथ विशिष्ट एकसपर्ट मौजूद रहे। मेले में लगभग एक हजार किसान जुटे। किसान मेले मेंधारी, गहना, दाडिमा, शशबनी, मझेड़ा, ल्वेशाल, तल्ली दीनी तथा गढगांव, सूपी तथा झुतिया व कोकिला बना आदि दूरदराज गाँवो से किसान पहुँचे। मेले में पशु प्रदर्शनी में नस्ल गाय एचएफ व बद्री गाय प्रदर्शनी आकार्षण का केन्द्र रहे वही मुर्गी पालन प्रदर्शन इकाईए मशरुम पालन इकाई तथा बकरी प्रदर्शनी लगाई गई।इस मौके पर आईवीआरआई संस्थान मुक्तेश्वर के वैज्ञानिकों सांइस फोल्डरों व लीफलेट्स विमोचन किया। जिसमें बटन मशरूम उत्पादन तथा हिम वर्मीकम्पोस्ड व वैज्ञानिक डेयरी प्रबंधन शामिल है वहीं लीफलेट्स में शीत ऋतु प्रबंधनए पर्वतीय क्षेत्र के डेयरी पशु बकरी एवं पोल्ट्री संबंधित प्रमुख टीकों एंव उनके लगने वाले उपयुक्त समय विषय पर आधारित का विमोचन किया। आईवीआरआई मुक्तेश्वर स्टॉल, आईवीआरआई बरेली, पशुपालन विभाग स्टॉल, यूसीबी पंतनगर स्टॉल तथा एग्रीकल्चर स्टॉल, जैविक उत्पादन स्टॉलए मानव स्वास्थ्य शिविरए महिला समूह व आरोही संस्था स्टॉल व जैविक उत्पाद आदि के स्टॉल लगाये गये।

प्रगतिशील किसानों को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। वहीं किसानों पशुपालन संबंधित किट व दवाईयों का निशुल्क वितरण किया। किसान मेले किसानों ने पशु व कृषि वैज्ञानिकों से सीधा संवाद किया व विभिन्न समस्यायें बताई।दूरदराज गाँवों से आये किसानों ने मेले को ऐतिहासिक बताया। संचालन डॉ.आशुतोष द्वारा किया गया। कार्यक्रम समन्वयक डॉ अमोल